PH. :0141-2793280
: 0141-2795534
Fax. : 0141-2795550

Web:- www.ruhsraj.org
Email :- ar.ruhs.nursing@gmail.com

# राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

## RAJASTHAN UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES, JAIPUR

Sector-18, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur-302 033

क्रमांक: एफ 4( ) परीक्षा / राज.स्वा.वि.वि / 2017 / 3571

दिनांक 29/06/2017
अति–आवश्यक

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
राज.स्वा.वि.वि., जयपुर

विषयः– चतुर्थ दीक्षान्त समारोह 30 अगस्त, 2017 के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षान्त समारोह दिनांक 30 अगस्त, 2017 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें वर्ष 2015 में उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की जाएगी। चतुर्थ दीक्षान्त समारोह में आपके महाविद्यालय के उपाधि प्राप्ति हेतु योग्य छात्र जिन्होने वर्ष 2015 में संबंधित परीक्षा B.Sc.Nursing, Post Basic Nursing, M.Sc. Nursing, B.Pharma, D.Pharma, M.Pharma, BDS, MDS, MBBS, MD/MS, DM/MCH, M.Sc Medicine, PG Diploma, Physiotherapy एवं Para Medical संकाय की अन्तिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा इससे पूर्व की समस्त परीक्षाऐं उत्तीर्ण कर ली हैं, उक्त समस्त छात्र/छात्राओ को उपाधियॉ जारी किये जाने हेतु महाविद्यालय स्तर पर योग्यता सम्बन्धी जॉच हेतु दिशा–निर्देश निम्नानुसार है :–

1. जिन संकायो में छात्र/छात्राओ को Internship करना अनिवार्य है, उन संकायो में ऐसे छांत्र/छात्राओ जिन्होने Intership पूर्ण नही की हैं, ऐसे छात्र/छात्राओ द्वारा Internship पूर्ण करने की संभावित तिथि सहित समस्त छात्र/छात्राओ का नाम 7 दिवस में विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में भिजवाने का श्रम करावें। उपरोक्तानुसार सूचना प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह मानते हुए कि आपके महाविद्यालय मे वर्ष 2015 में अन्तिम वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त छात्र/छात्राओ की Internship पूर्ण हो गई है, छात्र/छात्राओ की उपाधियाँ वितरित करवा दी जाएगी।
2. विश्वविद्यालय द्वारा समस्त महाविद्यालयो को उपाधियाँ प्राप्त करने वाले योग्य छात्र/छात्राओं के नाम निर्धारित प्रारुप मे भिजवा दिये गये हैं । यदि किसी छात्र/छात्रा का नाम सूची में जुडने से रह गया है तो उक्त छात्र/छात्रा की सम्पूर्ण अंकतालिकाओ की प्रतिलिपी विश्विद्यालय की परीक्षा शाखा में जमा करवाकर सूची में नाम जुडवा सकते है। इसके लिए यह आवश्यक होगा की संबंधित महाविद्यालय छात्र/छात्राओं की उपाधि प्राप्ति हेतु योग्यता प्रमाणित करें।
3. वर्ष 2015 से पूर्व अन्तिम वर्ष की परीक्षा पास कोई छात्र यदि किसी कारणवश पूर्व में आयोजित दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची में शामिल होने से रह गया हो तो ऐसे छात्रों का नाम भी कारण सहित भिजवाने का श्रम करावें।
4. **विश्वविद्यालय द्वारा भेजी गई उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं की सूची में यदि उपाधि प्राप्ति हेतु अयोग्य छात्र/छात्राओं का नाम जुड़ गया है अथवा योग्य छात्र/छात्राओं के नाम आदि में कोई त्रुटि हो तो** महाविद्यालय शीघ्रातिशीघ्र सूची में सुधार हेतु निम्न प्रारुप में सूचना उपलब्ध करावें।

NAME OF THE COLLEGE:..........................................................

NAME OF THE COURSE:..........................................................

| NAME OF THE STUDENT. | FINAL YEAR ROLL NO | ENROLL NO. | नामांकन/रोल नम्बर/छात्र का नाम हिन्दी/ अंग्रेजी में अशुद्व नाम | नामांकन/रोल नम्बर/छात्र का नाम हिन्दी/ अंग्रेजी में शुद्व नाम |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

परीक्षा नियंत्रक